**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2994**

**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तमिलनाडु में ऋतुस्राव संबंधी स्वास्थ्य प्रबंधन**

**2994. सुश्री एस. जोतिमणि:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में ऋतुस्राव संबंधी स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में यूनिसेफ के सहयोग से कोई कार्यशाला आयोजित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो लाभार्थियों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य में किशोरियों के मासिक धर्म संबंधी अपशिष्ट के निपटान तंत्र में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) और (ख): तमिलनाडु, राज्य लोक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय (डीपीएच और पीएम) के माध्यम से वर्ष 2011 से मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम लागू कर रहा है, जोकि इसके लिए एक नोडल विभाग है। यह कार्यक्रम राज्य सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दोनों की निधियों का उपयोग करके लागू किया जाता है।

ऑनलाइन प्रशिक्षण और समीक्षा बैठकें लोक स्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा निदेशालय और राज्य एनएचएम द्वारा समन्वित रूप से आयोजित की जाती हैं।

कवर किए गए लाभार्थियों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

| वर्ष | लक्षित लाभार्थी | कवर किये गये लाभार्थी | प्रतिशत कवरेज |
|---|---|---|---|
| 2020-2021 | 31,63,023 | 29,73,241 | 94% |
| 2021-2022 | 31,63,023 | 30,36,502 | 96% |
| 2022-2023 | 43,34,727 | 43,34,727 | 100% |
| 2023-2024 | 43,34,727 | 40,10,310 | 93% |
| 2024-2025 | 43,34,727 | 39,84,199 | 92% |

तमिलनाडु राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूनिसेफ को अब तक राज्य में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): मासिक धर्म स्वच्छता योजना का क्रियान्वयन मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने, किशोरियों तक सैनिटरी नैपकिन तक पहुंच बढ़ाने तथा उचित पर्यावरणीय अनुमति के बाद गहरे गड्ढे में गाढ़ने, जलाने, भस्मक यंत्रों जैसे पर्यावरण अनुकूल तरीकों से सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित निपटान को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा तैयार सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ आदतों और मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता सृजित करती है।

स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों के लिए सुरक्षित और कम लागत वाले मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और पहुंच पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके अतिरिक्त, इसमें स्कूलों में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान पद्धतियों, जैसे कि मासिक धर्म अपशिष्ट प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय अधिकारियों के साथ सहयोग करके मासिक धर्म अपशिष्ट डिब्बे/बॉक्स का उपयोग, जमीन में गाढ़ना या अन्य सुरक्षित तरीकों के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है।

***********